कार्यालय उपखण्ड अधिकारी, आमेर जिला जयपुर

आदेश

प्रार्थी श्री घीसा पुत्र श्री गणेश जाति जाट निवासी ग्राम कंवरपुरा, तहसील आमेर जिला जयपुर ने प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र एवं दस्तावेजात आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जन आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, परिवार राशन कार्ड, आदि बाबत राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी के नाम दुरूस्त करवाने का पेश किया है जिसकी जांच रिपोर्ट तहसीलदार आमेर जिला जयपुर पत्रांक/भू.अ./2020/8622 दिनांक 21.09.2020 को इस आशय की प्राप्त हुई है कि मुताबिक फर्द मौका व पटवारी हल्का कंवरपुरा की रिपोर्ट अनुसार घीसा पुत्र गणेश व घासी पुत्र गणेश एक ही व्यक्ति है तथा घासी पुत्र गणेश का वास्तविक नाम घीसा पुत्र गणेश है। समस्त दस्तावेजों में घीसा पुत्र गणेश ही दर्ज है।

अतः रिपोर्ट तहसीलदार आमेर व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र एवं संलग्न दस्तावेजात के आधार पर न्यायहित में ग्राम कंवरपुरा तहसील आमेर जिला जयपुर की जमाबंदी सम्वत 2069–2072 के खाता संख्या नया 108 एवं 58 में दर्ज नाम घासी पुत्र गणेश के स्थान पर सही नाम घीसा पुत्र गणेश जाट निवासी ग्राम कंवरपुरा तहसील आमेर जिला जयपुर का वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में इन्द्राज करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(लक्ष्मीकान्त कटारा)
उपखण्ड अधिकारी
आमेर जिला जयपुर

क्रमांक :राजस्व/2020/ दिनांकः

1. तहसीलदार तहसील आमेर जिला जयपुर को आदेशानुसार राजस्व रिकॉर्ड में इन्द्राज दुरूस्ती हेतु।
2. प्रार्थी श्री घीसा पुत्र श्री गणेश जाति जाट निवासी ग्राम कंवरपुरा, तहसील आमेर जिला जयपुर को सूचनार्थ।
3. आदेश पत्रावली।

उपखण्ड अधिकारी
आमेर जिला जयपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Laxmi Kant Katara
Date: 2021.01.22 17:16:00 IST
Reason: SelfAttested

☎0141-2209010 Email- sdm.amer.col.jpr@rajasthan.gov.in